भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. †3013
सोमवार, 20 मार्च, 2023/29 फाल्गुन, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**प्रसाद योजना के अंतर्गत बेहतर बनाए गए तीर्थ स्थल**

**†3013. डॉ. उमेश जी. जाधवः**
**श्री तेजस्वी सूर्याः**
**श्री प्रताप सिम्हाः**
**श्री बी.वाई. राघवेन्द्रः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रसाद योजना के अंतर्गत सम्पूर्ण देश में कितने तीर्थ स्थलों को बेहतर बनाया जा रहा है और प्रत्येक स्थल में किस प्रकार की अवसंरचना का विकास किया जा रहा है तथा इनके लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है;

(ख) उक्त योजना के अंतर्गत कितने तीर्थ स्थलों का रूपांतरण हुआ है और प्रत्येक स्थल में किस प्रकार की अवसंरचना का विकास किया जा रहा है तथा इनके लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है; और

(ग) क्या योजना के अंतर्गत कर्नाटक के किसी स्थल को चिह्नित किया गया है अथवा उस पर विचार किया गया है और यदि हां, तो प्रस्ताव का ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) और (ख) : 'तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' योजना का लक्ष्य चिह्नित तीर्थस्थलों और विरासत गंतव्यों का समन्वित विकास करना है । परियोजनाओं के तहत हस्तक्षेपों में समन्वित समावेशी और स्थायी विकास के माध्यम से तीर्थ सेवा अवसंरचना, समर्थकारी पर्यटक सुविधा, सम्पर्कता, सुरक्षा का विकास शामिल है । प्रशाद योजना के तहत विकास हेतु अनुमोदित स्थलों का विवरण, स्वीकृत निधि तथा परियोजनाओं की स्थिति का ब्यौरा **अनुबंध** में है ।

(ग) : पर्यटन का विकास मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र की जिम्मेदारी है तथापि पर्यटन मंत्रालय वर्तमान में जारी अपनी 'तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान' (प्रशाद) योजना के अंतर्गत कर्नाटक राज्य सहित देश में पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है । इस योजना के तहत प्रस्तावों की प्रस्तुति और परियोजनाओं की स्वीकृति एक सतत प्रक्रिया है जो निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्टों की प्रस्तुति, योजना दिशानिर्देशों के अनुपालन, चल रही योजनाओं के निष्पादन और पहले जारी की गई निधियों के उपयोग आदि के अध्यधीन है । प्रशाद योजना के तहत विकास हेतु कर्नाटक राज्य में 'चामुण्डेश्वरी मंदिर, मैसूरू' को चिह्नित किया गया है ।

*****

**अनुबंध**

प्रसाद योजना के अंतर्गत बेहतर बनाए गए तीर्थ स्थल के संबंध में दिनांक 20.03.2023 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †3013 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में **विवरण**

प्रशाद योजना के तहत विकास के लिए अनुमोदित स्थलों  और स्वीकृत निधियों तथा उनकी स्थिति का विवरण

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | परियोजना सं. | परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष | स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में) | स्थिति/ भौतिक प्रगति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | 1. | अमरावती टाउन, गुंटूर जिले का एक पर्यटन स्थल के रूप में विकास | 2015-16 | 27.77 | निष्पादित |
| | | 2. | श्रीशैलम मंदिर का विकास | 2017-18 | 43.08 | निष्पादित |
| | | 3. | विशाखापत्तनम में सिंहाचलम में श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी वारी देवस्थानम में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास | 2022-23 | 54.04 | परियोजना अनुमोदित |
| 2. | अरुणाचल प्रदेश | 4. | परशुराम कुंड, जिला लोहित का विकास। | 2020-21 | 37.88 | 24% |
| 3. | असम | 5. | गुवाहाटी और उसके आसपास कामाख्या मंदिर और तीर्थस्थलों का विकास | 2015-16 | 29.8 | निष्पादित |
| 4. | बिहार | 6. | विष्णुपद मंदिर, गया, बिहार में मूलभूत सुविधाओं का विकास | 2014-15 | 4.27 | निष्पादित |
| | | 7. | पटना साहिब में विकास | 2015-16 | 41.54 | निष्पादित |
| 5. | छत्तीसगढ़ | 8. | मां बम्लेश्वरी देवी | 2020-21 | 43.33 | 50% |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | मंदिर, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, छत्तीसगढ़ का विकास | | | |
| 6. | गुजरात | 9. | द्वारका का विकास | 2016-17 | 13.08 | निष्पादित |
| | | 10. | सोमनाथ में तीर्थयात्रा सुविधाएं | 2016-17 | 45.36 | निष्पादित |
| | | 11. | सोमनाथ में प्रॉमेनेड का विकास | 2018-19 | 47.12 | निष्पादित |
| | | 12. | सोमनाथ, गुजरात में कतार प्रबंधन परिसर के साथ तीर्थस्थल प्लाजा का विकास | 2021-22 | 49.97 | परियोजना अनुमोदित |
| | | 13. | बनासकांठा, गुजरात के अंबाजी मंदिर में तीर्थयात्रा पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 50 | परियोजना अनुमोदित |
| 7. | हरियाणा | 14. | पंचकुला जिले में नाडा साहेब गुरुद्वारा और माता मंशा देवी मंदिर का विकास | 2019-20 | 49.52 | 63% |
| 8. | जम्मू और कश्मीर | 15. | हजरतबल में विकास | 2016-17 | 40.46 | 68% |
| 9. | झारखंड | 16. | बैद्यनाथजी धाम, देवघर का विकास | 2018-19 | 39.13 | निष्पादित |
| 10. | केरल | 17. | गुरुवायूर मंदिर में विकास | 2016-17 | 45.19 | निष्पादित |
| 11. | मध्य प्रदेश | 18. | ओंकारेश्वर का विकास | 2017-18 | 43.93 | निष्पादित |
| | | 19. | अमरकंटक का विकास | 2020-21 | 49.99 | 27% |
| 12. | महाराष्ट्र | 20. | त्र्यंबकेश्वर का विकास | 2017-18 | 52.92 | 61% |
| 13. | मेघालय | 21. | मेघालय में तीर्थयात्रा सुविधा का विकास | 2020-21 | 29.32 | 70% |
| 14. | मिजोरम | 22. | मिजोरम राज्य में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन के लिए | 2022-23 | 44.88 | परियोजना अनुमोदित |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अवसंरचना का विकास | | | |
| 15. | नागालैंड | 23. | नागालैंड में तीर्थयात्रा अवसंरचना का विकास | 2018-19 | 25.26 | 75% |
| | | 24. | जुन्हेबोटो, नागालैंड में तीर्थयात्रा और पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 18.18 | परियोजना अनुमोदित |
| 16. | ओडिशा | 25. | मेगा परिपथ के तहत पुरी, श्री जगन्नाथ धाम - रामाचंडी - देउली में प्राची रिवर फ्रंट पर अवसंरचना का विकास | 2014-15 | 50 | निष्पादित |
| 17. | पंजाब | 26. | अमृतसर में करुणासागर वाल्मीकि स्थल का विकास | 2015-16 | 6.4 | निष्पादित |
| | | 27. | रोपड़, पंजाब में चमकौर साहिब का विकास | 2021-22 | 31.57 | 8% |
| 18. | राजस्थान | 28. | पुष्कर/अजमेर का एकीकृत विकास | 2015-16 | 32.64 | 90% |
| 19. | सिक्किम | 29. | फोर पेट्रन सेंट्स, युकसोम में तीर्थयात्रा सुविधा का विकास | 2020-21 | 33.32 | 25% |
| 20. | तमिलनाडु | 30. | कांचीपुरम का विकास | 2016-17 | 13.99 | निष्पादित |
| | | 31. | वेलंकन्नी का विकास | 2016-17 | 4.86 | निष्पादित |
| 21. | तेलंगाना | 32. | जोगुलम्बा देवी मंदिर, आलमपुर का विकास | 2020-21 | 36.73 | 32% |
| | | 33. | तेलंगाना के भद्राचलम, भद्राद्री कोठागुडेम जिले में तीर्थयात्रा अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 41.38 | परियोजना अनुमोदित |
| | | 34. | रुद्रेश्वर (रामप्पा) मंदिर, मुलुगु में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 62 | परियोजना अनुमोदित |
| 22. | त्रिपुरा | 35. | त्रिपुर सुंदरी मंदिर, | 2020-21 | 37.8 | 47% |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | उदयपुर का विकास | | | |
| 23. | उत्तराखंड | 36. | केदारनाथ का एकीकृत विकास | 2015-16 | 34.77 | निष्पादित |
| | | 37. | बद्रीनाथ जी धाम (उत्तराखंड) में तीर्थयात्रा सुविधा के लिए अवसंरचना का विकास | 2018-19 | 56.13 | 62% |
| | | 38. | उत्तराखंड में तीर्थयात्रा अवसंरचना सुविधाओं और गंगोत्री तथा यमुनोत्री धाम का संवर्द्धन | 2021-22 | 54.36 | 20% |
| 24. | उत्तर प्रदेश | 39. | मेगा टूरिस्ट परिपथ के रूप में मथुरा-वृंदावन का विकास (चरण-II) | 2014-15 | 10.98 | निष्पादित |
| | | 40. | वृंदावन, जिला मथुरा में पर्यटक सुविधा केंद्र का निर्माण। | 2014-15 | 9.36 | निष्पादित |
| | | 41. | वाराणसी का विकास - चरण -1 | 2015-16 | 20.4 | निष्पादित |
| | | 42. | गंगा नदी, वाराणसी में क्रूज पर्यटन | 2017-18 | 9.02 | निष्पादित |
| | | 43. | वाराणसी का विकास - चरण II | 2017-18 | 44.6 | निष्पादित |
| | | 44. | गोवर्धन, मथुरा, उत्तर प्रदेश में अवसंरचना सुविधाओं का विकास | 2018-19 | 39.74 | 85% |
| 25. | पश्चिम बंगाल | 45. | बेलूर का विकास | 2016-17 | 30.03 | 92% |

*****